(Abolition) Bill, 1969, which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 16th May, 1969".

ESTIMATES COMMITTEE

Eighty-Second Report

SHRI N. SHIVAPPA (Hassan): I beg to present the Eighty-second Report of the Estimates Committee on action taken by Government on the recommendations contained in the Thirty-ninth Report of the Estimate Committee on the Ministry of Food, Agriculture, Community Development (Department of Agriculture)—Central Institute of Fisheries Eduction, Bombay.

13.12 hrs.

The Lok Sabha adjourned for lunch till ten minutes past Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at fourteen minutes past Fourteen of the Clock.

[SHRI GADILINGANA GOWD *in the Chair.*]

CRIMINAL AND ELECTION LAWS AMENDMENT BILL—*contd.*

MR. CHAIRMAN : The House will now resume discussion of the Criminal and Election Laws amendment Bill. Shri Lobo Prabhu.

श्री मधु लिमये (मुंगेर): मैं आपसे एक विनती करना चाहता हूं । अभी मुझे खबर मिली है कि डा० राम सुभग सिंह जी के मकान पर डालटनगंज-पटना गाड़ी चलाये जाने के बारे में विनती करने के लिए और धरना देने के लिए एक आदमी गया था और उसकी पिटाई करने का काम उनके सचिव के द्वारा और पुलिस के द्वारा किया गया है । इसलिए मैं आपसे विनती करता हूं कि मन्त्री महोदय के कानों तक आप यह बात पहुंचायें और इसके बारे में उनसे खुलासा करवायें ।

SHRI OM PRAKASH TYAGI (Moradabad) : Sir, I beg to move :

"That the Bill, as reported by Joint Committee, be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 15th October, 1969." (11)

MR. CHAIRMAN : Shri Lobo Prabhu.

SHRI LOBO PRABHU (Udipi) : Sir, while the Government may feel very happy that they are passing many Bills and passing them very quickly, I would like to remind Members present that this is a House of the Legislature. The laws which it passes are more important than any other work, and unless there is concentration on the provisions of the Bill, there are going to be at least two consequences: first, the courts will have to strain at the meaning of many of the Bills passed here, and second, the litigant public will be faced with many avoidable difficulties. I would, therefore, request the House and you, Sir, to allow me to go through this Bill in detail as it should be so that it has both meaning and purpose, and that it achieves its purpose instead of being just a Bill which the Government has been able to roll across.

The purpose of this Bill is stated to be the removal of communal and regional tensions. Two questions arise: first. whether, the law can remove these tensions, whether the Government is justified in frustrating what the law has set out to do and what the Government itself wants these laws to do. These are very important questions, because I shall develop that every law the Government passes simply passes into limbo. It is of no use at all. My good friend Shri Ismail has already referred to the existing laws being ample, but they have not been used at all till very recently, and that same condition exists in respect of all the laws. Government thinks that as soon as it passes a law, it can continue to be inactive and continue to go on as before.

The Bill provides for amendment of three different pieces of legislation : first, the Indian Penal Code. The Indian Penal Code is sought to be amended in respect of section 153A in a very insignificant way. I use the word "insignificant" because it seems

[Shri Lobo Prabhu]

to me very strange that so much noise should be made about the amendment when all that it does is it enhances the punishment for the offence if committed within a religious premises. It enhances the punishment from three years to five years. Very rarely, if at all, is a sentence of a year or more imposed, and this enhancement by itself is of not any practical importance. But this enhancement may have other consequences; it may create new tensions by the mere routine enforcement of the law against individuals you are going to add religious colour and make the people feel that you are punishing not an individual but you are punishing a religion, a lage number of people, because you are making it an offence of greater gravity because it is in a religious house.

The second change made is that in addition to the existing grounds, you add two more: birth and place of residence. Birth and place of residence could be covered by the general provision which already exists and which has been effective before in respect of these grounds.

If the intention of specifying this is to meet the resolution of the National Integration Council, I would like to point out that emphasis was more necessary on another ground which has been completely ignored and which was the subject of my amendment when the Bill came up previously and which is also the subject of my minute of dissent. They have excluded "class" as a ground for creating disunity, hatred and other things.

SHRI GEORGE FERNANDES (Bombay South): Very rightly,

SHRI LOBO PRABHU: My hon. friend may say "very rightly" because he believes in class war. I believe in warfare, not for the classes, but for the masses and for the whole country. There is nothing gained by class war. But apart from that, I would like to point out that class is certainly a ground in section 505 which also Government are amending. To create differences between communities and classes is an offence under section 505, and I see no reason why it should not be included among the grounds in section 153. Now, I would like to stress that this feature of class warfare is going to be accentuated...

SHRI GEORGE FERNANDES: Of course.

SHRI LOBO PRABHU: I am glad that I have an admission, because after the nationalisation of banks and the other programmes announced by the Prime Minister, we are already ranging ourselves into two classes, the class of 'haves' in which they consider me to be, and the class of 'have-nots' in which they claim they are. Of course, they are not so have-nots, because they are getting their parliamentary salaries and other parliamentary advantages. Anyway, they say they represent the have-nots. When we have this class war staring at us from Government's own actions, are they not going to include class as a ground which creates tension? We are concerned here with removing tensions. We can have class warfare, but let us have it without tension. Let us have it in a way which is gentle, in a way which is reasonable and in a way which is legal and which is constitutional.

Class warfare has been accentuated by what happened this morning The communists have already declared a war on the Constitution which according to them favours the bourgeoisie landlordisms. In these circumstances, when we are faced with a class warfare, it is their duty even at this stage to include it as a ground. It is a cause of tension, and tension must be avoided in the interests of all. I am quite sure that however high-minded a person might be, no one has a desire to knock the heads of others and cause blood shed and thereby frustrate even his own aim of serving the people, because even if one breaks the head of a 'have', still that head is the head of somebody in the country.

The third addition that has been made in this section is rather a very slight one; it is a semantic one. They have added 'disharmony and ill-will' to 'enmity and hatred' which are already there. I do not know who advised Government on the difference between the two. But it seems to me to be only a very slight difference, and, therefore, I do not think that this section has been amended to any extent.

But as I said before, it is not the law that matters but it is the policies of Government, and particularly one policy of Government—which matter a great deal; that policy is that as soon as politics comes in and as soon as a party interferes, nothing is an offence in this country. As a matter of fact, we heard the Minister of State in the Ministry of Home Affairs declaring this morning that we must seek a political solution; when the whole country is threatened with class war, when the whole Constitution is being threatened, he says that there is no offence and let us have a political solution. A political solution is no answer to a criminal situation. You have to deal with a criminal situation in a penal way.

Now, let us see what the grounds are. Are not these grounds created by politics? Take first, the case of religion. Religion is an unnecessary ground. And this country—I am proud to belong to it—has been most hospitable to all religions. The Christians have been welcomed here for two hundred years, and Muslims have been here for 1200 years and so many other people have come and they have been treated hospitably. Religion became a ground of tension only when the British introduced politics in it, when it became the basis of communal representations. One would have expected that with Independence and with the coming into force of our Constitution, religion would disappear. But still there are some people who think that they could succeed in politics by making religion a ground of difference. I think they are being educated that it does not pay, and they are learning a political lesson.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): For instance, Shri Bal Raj Madhok.

SHRI LOBO PRABHU: He is not here at the moment to defend himself, and I am not accusing him now. Let us not introduce politics in religion as far as we are concerned. Let us not favour those people who make religion a ground for difference and hatred. Religion should be treated absolutely as a personal matter, where the State and the law have no claims.

The next ground is birth or residence in a particular area. Here again, this is entirely a creation of Government arising out of a political solution. As we all know, the linguistic States arose from a political solution. Even today we find that place of birth or residence, as in the Shiva Sena riots, and language in the South Indian disturbances are being agitated again and are becoming causes for disturbances. Who has reopened the linguistic settlement of this country? Government have done it by the revision of linguistic States. They had no business to submit to the pressure of Maharashtra and reopen the Belgaum dispute. They had no business to open up the Telegana dispute. They should have told those people that they had settled this once and for all and they were not going to amend it or change it.

SHRI S.M, JOSHI (Poona): The dispute was recognised by the former Home Minister Shri G.B. Pant himself.

SHRI S.M. BANERJEE: I think he was the Home Secretary then.

SHRI LOBO PRABHU: I submit that for political reasons Government are creating these differences.

The next ground is language. Here again one could infer who is responsible. Who is making all this trouble about language except Government itself? Who is pressing Hindi? If they would only let up on Hindi, the whole country would adopt that language. It is because they are trying to press it on one part of the country or another that there is trouble. They are trying to press it by one means or another, through one way or another and through one source of employment or another. It is because of this that we have this linguistic problem.

The next ground is caste and community. Again, Government have made this an issue between the classes by supporting Shri Nath Pai's Bill. If that Bill is passed and fundamental rights of the minorities are exposed, the minorities, depressed classes and the Scheduled Castes would be ranged against others. Therefore, I would say again that it is this tendency for change in the Government which has been responsible for creating trouble.

[Shri Lobo Prabhu]

The next change proposed is in respect of section 505. Here, I do not think that there is anything very important. But Government have added that alarming news will be a ground for an offence. They should have added also unfair presentation in papers as a ground for an offence under this section. Otherwise, I do not think that there is any considerable change in it.

The next change is in the Criminal Procedure Code. In addition to Government the district magistrate has been empowered to take action. This is a move in the right direction. But I would like Government not to frustrate it by interfering with the discretion of the district magistrate. There should be no politics in deciding the matter when an offence against law and order is committed. The district magistrate should have his discretion without any politicians and without Government telling him how to exercise that discretion.

Another change made in the Code of Criminal Procedure is in respect of making the offence cognisable and non-bailable. It is also a very good thing because at present the police keep quiet and see these offences being committed on all sides. Here again the government must not frustrate the police. I hope my hon. friends will not be angry when I refer to the Calcutta High Court judgment where the police were charged with being indifferent to the law and neglecting their duties. Under article 355 it is the duty of the Central Government to see that the police are allowed to function without any interference by the government.

The last change is in respect of the Representation of the People Act, which is a very good change. Most of the time people create tension at the time of the election. If they know that it is a disqualification they will avoid these tensions.

Clause 6 is in respect of printing and publication. Here there has been an objection that the Central Government should not have concurrent authority with the State Government. To those who have made this objection I would like to point out that the States may be parties to many of the agitations like irrigation water agitations, agitations of language, agitations possibly to redefine the State boundaries. In these circumstances it is necessary that the Centre should have independent authority. Since law and order is a common subject, the Centre will be failing in its duty to the people, who are more important than the State Government, if it does not maintain law and order.

On the balance I am happy that the government had become conscious of its responsibility to law and order. But this consciousness should not be confined only to this Bill. We are today witnessing in this country a complete break-down of law and order. Whatever the government may like to think of itself because of the legislations it has passed, it forgets that there are people in this country who are paying the price of the collapse of law and order. One cannot open even a single day's paper without reading of the failure of law and order in one State or another. In fact, I think the system is breaking down, because of what my friends over there are doing. It is break-down because of what the government is not doing. Government must see that its officers enforce the law. Because, when law and order break-down there is nothing left for the people. Everything becomes precarious without law and order ; all the benefits of government, all the benefits of even communism will be just dead sea fruit, so much waste. So, on all these grounds I welcome this Bill. I hope the government which enacts the law will enforce it and see that law and order returns to this country.

श्री झारखंडे राय (घोसी) : मान्यवर, इस संशोधन विधेयक के प्रस्तुत करने की प्रेरणा कश्मीर के श्रीनगर में होने वाली नेशनल इंटीग्रेशन कान्फरेंस से मिली है। उस कान्फरेंस में जो कौंसिल बनाई गई उस ने कुछ विषयों पर देश का, देश में काम करने वाली पार्टियों का ध्यान आकृष्ट किया। उस में मुख्यतया सम्प्रदायवाद के बारे में विशेष चर्चा की गई थी। यह बात सही है कि हमारा भारतवर्ष बहुभाषी, बहु-जातीय और बहु-धर्मी देश रहा है और आज भी है। यहां अनेकता की भावनाएं बहुत दिनों से चली आ रही हैं और आज भी वह विद्यमान है। राष्ट्रीय एकता हमारे देश का सर्वोपरि धर्म और कर्त्तव्य बन गया है। ऐसी अनेकता की बढ़ती हुई भावनाओं को ठीक करने

के लिए और एकता की भावनाओं को बढ़ाने के लिए सरकार का, समस्त देश का और देश में जो विभिन्न पार्टियां हैं उन का काम करना परम कर्त्तव्य है। राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रीय सुरक्षा यह हमारा सबसे बड़ा धर्म है। वर्तमान विधेयक जिस उद्देश्य से लाया गया है उस में सब से अधिक जोर साम्प्रदायिक शक्तियों के दमन पर होना चाहिए था। यह बात इस विधेयक में नहीं मिलती ! इसलिए इस का समर्थन करने में इस रूप में हम अपने को असमर्थ पाते हैं। यह बात सही है कि साम्प्रदायिक शक्तियों का भी दमन दार्शनिक और सैद्धांतिक आधारों पर ही मुख्यतया होना चाहिए। कार्यकारी शक्ति का इस्तेमाल और दण्ड विधि का इस्तेमाल करना यह नम्बर 2 पर आता है। लेकिन दण्ड विधि और कार्यकारी शक्ति का इस्तेमाल भी कभी-कभी अनिवार्य और अपरिहार्य हो जाता है। इस दृष्टिकोण से इस विधेयक में जिस बात पर अधिक बल होना चाहिए वह नहीं है। मैं इस बात को इसलिए कहता हूं कि आज साम्प्रदायिक शक्ति हमारे देश में फिर व्यापक पैमाने पर सिर उठा रही है। यद्यपि इस विधेयक की भावना पवित्र है, अच्छी है, इसका उद्देश्य ऊपर से देखने में अच्छा मालूम होता है लेकिन जिस बात पर विशेष जोर देना चाहिए था वह नहीं हुआ है। इसी लिए इस का समर्थन करने में इस रूप में हम अपने को असमर्थ पाते हैं।

मैं चर्चा यह कर रहा था कि आज साम्प्रदायिक शक्तियां फिर दोबारा व्यापक पैमाने पर देश में सिर उठा रही हैं। महात्मा गान्धी के अमर बलिदान के बाद इस तरह की शक्तियाँ देश में दब गई थीं और पीछे हट गई थीं। कुछ समय के लिए लगा कि देश के इस महानतम बलिदान के बाद फिर साम्प्रदायिकता हिन्दुस्तान से हमेशा हमेशा के लिए समाप्त हो गई लेकिन बात ऐसी नहीं है। आज भी वह सिर उठा रही है और देश की एकता के लिए, देश की सुरक्षा के लिए और देश के गरीबों के लिए विशेषकर श्रमिक शोषित जनता के लिए एक खतरा उपस्थित कर रही है। मैं आप के सामने दो तीन नज़ीर पेश करना चाहता हूं जिन से प्रमाणित करूंगा कि हमारे देश में यह शक्तियाँ कितने कुत्सित ढंग से काम कर रही है। हमारे उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में, जिस इलाहाबाद ने इस देश को तीन तीन प्रधान मंत्री दिए हैं, जिस इलाहाबाद में सेनापति चन्द्रशेखर आजाद अमर शहीद हुए है, उस इलाहाबाद में जब साम्प्रदायिक दंगा हुआ तो एक परचा बांटा गया था पूरे शहर में और जिले में भी बड़े पैमाने पर, उस को जरा सुनने की तकलीफ गवारा करें:—

"प्रयाग के हिन्दू बहादुरों, आज तीर्थराज प्रयाग में एक ऐतिहासिक चित्र फिर उपस्थित हो गया है—इन हिन्दुओं के टुकड़ों पर पलने वाले नमकहराम मुसलमानों ने फिर सर उठाया कुचल दो इन्हें।

अगर हम हिन्दुओं में थोड़ी सी भी शर्म बाकी है, अगर हम हिन्दुओं ने अपनी माँ का दूध पिया है, और अगर हमारे लुतफे में फर्क नहीं है तो कसम खाओ अपनी माँ की जिस की कोख से तुम ने जन्म लिया है, कसम खाओ प्रयाग की पवित्र पावन धरती की व त्रिवेणी की जिस में पल कर तुम जवान हुए हो।

तुम्हें कसम है गीता, रामायण व गुरु ग्रन्थ की, भिक्षा दो इन दोगले, पाखंडी और गद्दार मुसलमानों को, प्रयाग की पवित्र धरती को इन नमकहरामों के बोझ से हलका कर दो।

"हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए' लगा दो आग इन के मकानों में, लूट लो इन की दूकानों को, अपना बना लो इन की बहू बेटियों को।

ऐ हिन्दुओ, अपने इष्ट देवताओं को साक्षी मान कर यह कसम खाओ कि हम जब तक इस पवित्र धरती को मुसलमानों के बोझ से हलका नहीं कर देंगे—चैन से नहीं बैठेंगे।

हिन्दुओ, तुम्हें तुम्हारी माँ की कसम, तुम्हारे लड़के की कसम, तुम अपने कर्त्तव्य से

[श्री झारखंडे राय]

न हटना और अपने जीवन में पाँच-पाँच मुसलमानों को कत्ल करके अपने इष्ट देवताओं पर अपने हाथों से चढ़ाओ। सारे देश का प्यार तुम्हारे साथ है।

यह पर्चा, मान्यवर, वहां बांटा गया। मैं पूछना चाहता हूं कि ला एण्ड आर्डर की यह अवस्था कैसे पैदा हुई, कौन सी शक्तियाँ हैं जो हमारे बलिदानों के बाद फिर से सिर उठा रही हैं, देश के जन-जीवन को नष्ट-भ्रष्ट कर रही हैं।

मान्यवर, आपने सुना होगा, इन्दौर में अभी हाल में साम्प्रदायिक दंगे हुए थे। यह मनोवृत्ति यहाँ तक पहुँच गई है हिन्दू मजदूरों के अन्दर इस कदर साम्प्रदायिकता का जहर घोल दिया गया है कि वे आज मुसलमान मजदूरों के साथ काम करने तक से इन्कार करते हैं। यह जहर हमारे देश के अन्दर—देश की राजनीति और सामाजिक जीवन के अन्दर—किस प्रकार फैल रहा है, इस पर हम को गहराई से सोचना होगा।

अभी उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ ज़िले के जनपद मऊ में, जो उत्तर भारत का एक सब से बड़ा हैण्डलूम सैन्टर है, झगड़ा हुआ। उस में छोटे छोटे अखबार किस तरह से जहर फैला रहे थे, इसका एक नमूना आपके सामने पेश करूंगा। यह 'देवल' अखबार है जो दो-कौड़ी का अखबार है, लेकिन उन दिनों उस सारे जिले के अन्दर इसकी बीसियों हजार कापियां ज़िला अधिकारियों के द्वारा छपवाकर मुफ़्त बटवाई जा रही थीं। इस अखबार में दंगे के दूसरे तीसरे दिन जो लेख निकला—मैं माननीय मंत्री जी के पास भी इस को भेज दूंगा—उस के कुछ वाक्य आप सुनें—

"मऊ में जो कुछ हुआ है वह न तो आश्चर्य की बात है और न दुख की। जो कुछ हुआ है वह न तो अप्रत्याशित है और न आकस्मिक। आज मऊ में जिन लोगों की आबादी अधिक है, उनसे लड़ाई झगड़े के अलावा आशा ही क्या की जा सकती है।"

मान्यवर, सौभाग्य या दुर्भाग्य से मऊ टाउन में मुसलमानों की आबादी ज्यादा है। आगे वह कविता कहते हैं --

"सितमगर! मुझसे उम्मीदें करम होगी, उन्हें होगी,
हमें तो देखना यह है कि तू जालिम कहाँ तक है।

आज मऊ की सड़कों पर ईंटे और रोड़े बिछे हुए हैं। निरीह जनता के रक्त के धब्बे देखे जा सकते हैं।"

मान्यवर, वहाँ पर पुलिस ने जो गोली चलाई थी, उस से दो मुसलमान मारे गये थे, तो भी यह अखबार लिखता है—

"यह रक्त उन लोगों का है, जिन्होंने आजादी के लिये खून बहाया था। यह रक्त उन लोगों का बहा है जिन्होंने मुहम्मद गौरी के रूप में अब भारतीय स्वतन्त्रता पर आँच आई तो पृथ्वीराज चौहान बन कर, बाबर के द्वारा जब देश गुलाम बनाया गया तो राणा साँगा बन कर, अकबर के द्वारा जब भारतीय स्वतन्त्रता का अपहरण हुआ तो राणा प्रताप बन कर, औरंगजेब के द्वारा जब इस देश की आजादी तहस नहस की जा रही थी, तो छत्रपति शिवाजी बन कर, क्लाइव वैलेज़ली और डलहौजी के द्वारा देश की स्वाधीनता देवी का मान मर्दन किया जा रहा था तो लक्ष्मी बाई, तांत्याटोपी, कुंवर सिंह बनकर और जब जैनरल डायर और साइमन के रूप में देश में स्वतन्त्रता की अंगड़ाइयों पर बज्राघात हो रहा था तो लाला लाजपतराय, भगत सिंह और सुभाष चन्द्र बोस बन कर अपनी छाती अड़ा दी थी—यह खून उन्हीं का है। मऊ में जिन लोगों का खून बहा है, वे वही लोग हैं जिन्होंने अलग २ राज्य बनाने की माँग नहीं की थी। सदा इस देश को अपना देश समझा। देश भक्ति का स्वाधीन भारत में यही पुरस्कार है। आक्रमणकारी कौन थे वही आक्रमणकारी हैं—जो रहते यहाँ

हैं, पर उन की आखें भारत से बाहर रहती हैं।"

मान्यवर, इन्होंने तो इतिहास को भी भुठला दिया है जहां इन को तांत्याटोपे और रानी लक्ष्मी बाई दिखलाई पड़े, वहां बागी नवाब बांदा, अजीमउल्ला खां और बादशाह बहादुरशाह ज़फ़र इनको दिखलाई नहीं पड़े। जहां भगत सिंह और लाला लाजपत राय दिखलाई पड़े, वहां अशफाक उल्ला खां को ये भूल गये, जहां सुभाषचन्द्र बोस दिखलाई पड़े, वहां शाहनवाज खां और कर्नल हबीबुर्रहमान दिखलाई नहीं पड़े— इस तरह से इतिहास को भुटला कर देश के साथ अत्याचार किया, जनता के अन्दर साम्प्रदायवाद का प्रचार कर के उनको गुमराह किया।

इसलिये, मान्यवर, मैं चाहता हूं इस संशोधन के द्वारा साम्प्रदायवाद फैलाने वाली इन ज़हरीली शक्तियों का मुंहतोड़ मुकाबला किया जाये जो आज हिन्दुस्तान की सुरक्षा और हिन्दुस्तान की स्वतन्त्रता के लिये एक खतरनाक वायस बन गई है।

श्री चन्द्रजीत यादव (आजमगढ़) : माननीय सभापति जी, मैं माननीय गृह मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं, उन्होंने इस विधेयक को इस सदन में प्रस्तुत किया। बहुत अर्से से हम इस बात को महसूस कर रहे थे कि आजादी के बाद से ही हमारे देश के अन्दर ऐसी ताकतें और ऐसी शक्तियां मौजूद हैं जो हमारी राष्ट्री मान्यताओं को, राष्ट्रीय मूल्यों को, जिसको हमारे देश की जनता ने अपने संविधान के द्वारा, अपनी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में, अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में स्वीकार किया है, छिन्न-भिन्न करना चाहती हैं। इस देश में चाहे किसी भी वर्ग का व्यक्ति हो, चाहे किसी भी जाति में पैदा हुआ हो, चाहे कोई जुबान बोलता हो या देश के किसी भी क्षेत्र में रहता हो, सब को बराबरी का हक है, सब को बराबर का नागरिक होने का अधिकार दिया है। हम ने इस बात की कोशिशें भी की कि आजादी के बाद से जो दुर्भाग्यपूर्ण घटनायें हमारे देश के अन्दर घटती रही हैं, जिनका आधार साम्प्रदायिकता रहा है, जिसके आधार पर देश का बटवारा हुआ, उस प्रकार की शक्तियां इस देश के अन्दर सिर न उठा सकें और हम सब मिलजुल कर इस देश में रहें, भारतीय नागरिक की हैसियत से रहें, लेकिन बावजूद हमारी शुभ-इच्छाओं के, वह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति आज भी बनी हुई है। इस देश में ऐसी शक्तियां आज भी मौजूद हैं, जो जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर देश में घृणा का प्रचार करती हैं देश में जघन्य साम्प्रदायिक घटनायें पैदा करती हैं, उस का लाभ राजनीतिक और दूसरी दृष्टि से उठाने की कोशिश करती हैं। यह हमारे प्रजातन्त्र के लिये दुर्भाग्य का विषय है, हमारी मान्यताओं के लिये सब से बड़ी कलंक की बात है --20 साल के बाद भी ऐसी शक्तियां हमारे देश में बड़े पैमाने पर मौजूद हैं।

पिछले वर्ष इस देश में जितने बड़े पैमाने पर साम्प्रदायिक दंगे और घटनायें हुईं, वे इतनी काफ़ी हैं कि हमें इस पर फिर से गम्भीरता के साथ विचार करना होगा। आज़ादी के 15-16 साल बाद जब ये घटनाएं बड़े पैमाने पर बढ़ीं, उस समय हमारे प्रधान मंत्री पं० जवाहर लाल जी, इनसे बहुत चिन्तित हुए। उन्होंने देश के माने हुए समाज सेवियों, सभी राजनीतिक दलों के नेताओं और देश के माने हुए विद्वानों की एक सभा दिल्ली में बुलाई थी। उस समय बहुत खुल कर इस बात पर विचार हुआ और देश के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों और सभी विचारकों ने इस बात से सहमति व्यक्त की कि ये घटनायें हमारे देश के लिये चिन्ता का कारण हैं और हमें इस बात का प्रयास करना चाहिये कि हम ऐसी शक्तियों को बढ़ने से रोकें। 1960 में सबसे पहले राष्ट्रीय एकता परिषद् का निर्माण हुआ, प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू खुद उसके अध्यक्ष थे। उसके बाद जब चीन का हमला हुआ --तो उस हमले के पीछे एक भावना यह भी थी—शायद चीन को यह ख्याल था कि हिन्दुस्तान इतना बड़ा देश होते हुए भी विभिन्न जातियों और धर्मों में बंटा हुआ है, उसके अन्दर

[श्री चन्द्रजीत यादव]

एकता का अभाव है, इस देश में भाषा के नाम पर, जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर दंगे हो रहे हैं, शायद इस देश में एकता नहीं है, लेकिन चीन के हमले के बाद जिस अभूतपूर्व एकता का प्रदर्शन इस देश के अन्दर हुआ—जाति की सीमा उठ गई है, क्षेत्र की सीमा उठ गई, भाषा की सीमा उठ गई और काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, गुजरात से लेकर आसाम तक एक-एक भारतीय ने इस बात की दृढ़ प्रतिज्ञा की कि हमारे देश पर हमला हुआ है, हम एक होकर अपने देश की स्वाधीनता की रक्षा करेंगे। उसके बाद यह महसूस हुआ कि शायद हमारे देश के अन्दर एकता स्थापित हो गई है और अब किसी परिषद् की जरूरत नहीं है। हमने उसके बाद ढिलाई की और वे शक्तियां फिर इस देश के अन्दर सिर उठाने लगीं।

ये साम्प्रदायिक शक्तियां जो आज राजनीतिक दलों के रूप में मौजूद हैं, जिनकी राजनीति केवल सम्प्रदायों के बीच घृणा पैदा करना है।

अपने संकुचित राजनीतिक दृष्टिकोण के लिये वह इस प्रकार के साम्प्रदायिक आधार का सहारा लेते हैं जिनसे वैमनस्य की भावना पैदा हो और यही कारण है कि फिर हमारे देश के अन्दर बड़े पैमाने पर साम्प्रदायिक दंगे हुए। हमने फिर इस पर विचार किया। श्रीनगर में हमारी वर्तमान प्रधान मंत्री ने पुनः राष्ट्रीय एकता परिषद् की बैठक बुलाई। उसके अन्दर जो सबसे बड़ा प्रश्न था वह यही था कि इन शक्तियों को कैसे रोका जाये और सब ने इस बात को महसूस किया कि जहां शिक्षा के माध्यम से इन शक्तियों का मुकाबला करना है, वहां हमें दूसरे सामाजिक और आर्थिक कारणों को दूर करके सद्भाव की भावना पैदा करनी है। वहां आवश्यक है कि हमारे अपने जो कानून हैं उनके अन्दर हम इस बात की व्यवस्था करें कि जो लोग जाति, धर्म और भाषा का सहारा लेते हैं और घृणा का प्रचार करते हैं, चाहे समाचार-पत्रों के जरिए, चाहे लेखों के जरिए या जो मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिर्जाघर का इस्तेमाल करके घृणा पैदा करना चाहते हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाये। उन लोगों को हम अदालतों के अन्दर ले जायें और उन पर मुकदमा चलायें। उनको सजा दिलायें। हम इस बात की भी व्यवस्था करें कि इस प्रकार के अपराधों के लिए जो दोषी पाये जायें वे इस बात के योग्य न समझे जायें कि हमारी छोटी से छोटी प्रजातंत्र इकाई गांव सभा या भारत की संसद् में चुनकर आयें। इसीलिए इस विधेयक के अन्दर इस बात की व्यवस्था की गई है कि जो दोषी पाये जायेंगे वे अयोग्य ठहराये जायेंगे और किसी चुनाव के अन्दर हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इस प्रकार की स्पष्ट व्यवस्था इसमें की गई है। माननीय भारखंडे राय जी ने कहा कि इसमें साम्प्रदायिकता से लड़ने के लिए व्यवस्था नहीं है कि लेकिन अगर वे इस बिल के उद्देश्य और कारण देखें तो उसके पहले वाक्य में ही कहा है कि इस विधेयक को लाने का कारण यह है कि देश में जो साम्प्रदायिक तत्त्व बढ़ रहे हैं, उनका हम मुकाबला करना चाहते हैं, उनको रोकना चाहते हैं और उनका दमन करना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से इस बिल को लाया गया है। अभी यहां पर जो उन्होंने पर्चे पढ़े हैं, यह सही है कि देश में उस प्रकार की शक्तियां हैं, उनका दमन होना चाहिए। लेकिन जो दूसरा सबसे बड़ा कारण है वह यह कि सरकारी कर्मचारियों के अन्दर बहुत बड़ा भाग ऐसा है जिसका कायदे का शिक्षण नहीं हुआ है, जिसके पुराने विचार हैं, संकुचित विचार हैं। वह वर्ग सरकारी पद और शक्ति का इस्तेमाल साम्प्रदायिक भावनाओं के लिए करता है, उसमें हिस्सा लेता है, दंगों को प्रोत्साहन देता है जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। उसकी व्यवस्था इसमें नहीं है। सरकार ने इस बात को कहा है सर्कुलर भेजकर कि ऐसे जिला अधिकारी जिनके क्षेत्र के अन्दर दंगे होंगे, उनको भी प्राथमिक रूप से उसके लिए जिम्मेदार ठहराया जायेगा। मैं समझता हूं हम को इसके अन्दर ऐसा परिवर्तन करना चाहिए कि ऐसे सरकारी कर्म-

चारियों के सम्बन्ध में यदि जांच से या प्रत्यक्ष रूप से यह पता चलता है कि उन्होंने ऐसी शक्तियों को भड़काया है, बढ़ावा दिया है या उन शक्तियों को दमन करने में ढिलाई की है तो औरों को छोड़कर सबसे पहले उनके ऊपर कार्यवाही होनी चाहिए क्योंकि ऐसे लोग इस देश की शासन शक्ति का प्रयोग इस देश के मान्यता-प्राप्त मूल्यों के खिलाफ करते हैं। यह देश के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

मैं समझता हूं लोबो प्रभू जी ने बहुत सही रूप में आलोचना की और कहा कि भेदभाव क्यों किया जाता है जब ऐसी साम्प्रदायिक शक्तियां साम्प्रदायिक भावना फैलाती हैं। यह सही है कि हमने धर्मनिरपेक्ष राज्य की बात कही है लेकिन हमने किसी भी धर्म के खिलाफ घृणा का प्रचार नहीं किया है, किसी धर्म पर कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाया है। इसका मतलब है कि हर धर्म के मानने वालों को पूरी आजादी है। उनको अपने मत, अपने विचार और अपने सिद्धान्तों की आजादी है लेकिन उसमें कोई दूसरा धर्म दखल नहीं दे सकता। लेकिन आज हम देखते हैं कि कुछ ऐसी शक्तियां हैं जो मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिर्जाघर का प्रयोग साम्प्रदायिक भावनाओं के लिए करती है, जो कि भगवान की अर्चना का स्थान होता है। क्या इसके लिए सख्ती नहीं की जायेगी ? आज गरीब, गुमराह और साधारण जनता को उन शक्तियों के द्वारा गुमराह किया जाता है धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर। वे व्यक्ति बहुत बड़ा अपराध करते हैं जो इस प्रकार के पवित्र स्थानों में प्रचार करते हैं . . .

सभापति महोदय : आपका समय समाप्त हो गया है।

श्री चंद्रजीत यादव : मैं कोई लम्बा भाषण नहीं देना चाहता हूं। मैं समझता हूं देश के अन्दर सभी इस बात का स्वागत करेंगे। सरकार ने बड़े स्वागत का काम किया है, इसके लिए वह बधाई की पात्र है कि इस विधेयक को लाई। लेकिन इसके साथ-साथ हम सरकार को सलाह देना चाहते हैं कि शिक्षा पद्धति के अन्दर आमूल परिवर्तन होना चाहिए। प्राथमिक विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक बच्चों को राष्ट्रीय मान्यताओं की पूरी शिक्षा दी जानी चाहिए। जिस प्रकार से बच्चों को साइन्स और गणित की शिक्षा दी जाती है उसी प्रकार से राष्ट्रीय मूल्यों, प्रजातन्त्र, धर्म-निरपेक्षता, राष्ट्रीय एकता और हमारे जो आर्थिक सिद्धान्त हैं उनकी भी शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि हमारे बच्चों में जो एक नयी दिशा आ रही है उस जहर से उनको बचाया जा सके। इसके साथ-साथ जो शक्तियां देश में संगठित रूप से धार्मिक भावनाओं का प्रचार करती हैं, उनके ऊपर भी कड़ी निगाह रखी जाये और सख्ती के साथ उनका दमन किया जाये। सरकार ने जो कदम उठाये हैं, मुझे विश्वास है कि देश की तमाम शक्तियां और दल जो कि इन सिद्धांतों में विश्वास करते हैं उनका समर्थन इस सरकार को प्राप्त होगा। इन शब्दों के साथ मैं पुनः गृह मन्त्री जी को बधाई देना चाहता हूं और आशा करता हूं कि इन शक्तियों का मुकाबला करने के लिए जो दूसरे आवश्यक कदम राजनीतिक, सामाजिक और शिक्षा के स्तर पर हैं उनको भी जरूर उठाया जायेगा।

श्री श्रीचन्द गोयल (चंडीगढ़) : सभापति महोदय, मैं इस विधेयक की आलोचना एक शेर के साथ करूंगा :

वाह रे जालिम तेरे कानून की बंदिश,
लब बंद, जबान बंद, दहन बंद, जहन बंद।

मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे मन्त्री महोदय ने आज यह बताने की कृपा नहीं की कि उनको यह कानून लाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। इस कानून के द्वारा हम उस दंडावली की दो धाराओं—153-ए तथा 505—के लिए अधिक कड़ा दंड निश्चित करने जा रहे हैं, काग्निजेबिल आफेन्स बना रहे हैं ताकि पुलिस सीधे तौर पर हस्तक्षेप करे। इस बात की व्यवस्था हम करने

[श्री श्रीचन्द गोयल]

जा रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि आज का जो वर्तमान कानून है क्या वह कानून काफी नहीं था। जिस प्रकार के अपराधों की चर्चा की गई, जिस प्रकार के साम्प्रदायिक दंगों और समाचार-पत्रों के अन्दर उकसाने वाले समाचारों का जिक्र किया गया, मैं पूछना चाहता हूं आज के जो हमारे कानून हैं क्या वे इस बात के लिए काफी नहीं थे कि उनका उपयोग करके हम उन अपराधियों को उस कानून की जद में ला सकते ? मैं जानना चाहता हूं हमारे भारखंडे राय जी ने जिस समाचार-पत्र का उल्लेख किया है, क्या उसके सम्पादक के ऊपर, उस मुद्रणालय के स्वामी के ऊपर किसी प्रकार का कोई अभियोग चला ? क्या किसी प्रकार का कोई मुकदमा चलाया गया ? भारतवर्ष को स्वतंत्र हुए 21 वर्ष हो गए लेकिन मैं 21 मुकदमे भी उंगलियों पर नहीं गिन सकता जोकि इस प्रकार सांप्रदायिक प्रचार करने वालों के विरुद्ध अभियोग के रूप में चलाये गये हों। अगर यह सरकार इसके बारे में गम्भीर होती, सचमुच में इसको तुरन्त पास कराने की आवश्यकता समझती तो पिछले अगस्त के महीने में प्रवर समिति ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी थी लेकिन करीब एक साल के बाद इस सदन में इस पर चर्चा हो रही है और पारित करने के लिए सदन विचार कर रहा है, ऐसी बात नहीं होती। वास्तव में सरकार इस कानून को पास करके, जो कानून-खाना है उसके अन्दर एक बढ़ोत्तरी करना चाहती है। प्रश्न तो यह है कि जो वर्तमान कानून हैं उनको ही अगर दृढ़ता और निष्पक्षता से अमल में लाया जाये तो इस पकार के जो अपराधी हैं उनके खिलाफ पूरी कार्यवाही की जा सकती है। यहां पर चर्चा की गई कि देश के अन्दर साम्प्रदायिक दंगे बढ़ रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इस देश के अन्दर जो बहुसंख्यक समाज है उसका स्वभाव बड़ा सहिष्णु है। हमने इस देश में सभी धर्मों को सम्मान दिया है, हम सभी धर्मों का आदर करते हैं। जो हमारा धर्म है वह किसी भी दूसरे धर्म का निरादर करने की शिक्षा नहीं देता है, उसकी कल्पना भी नहीं करता है। हमने तो कहा है कि :

आत्मवतः सर्वभूतेषु, मातृवत परदारेषु,
पर द्रव्येषु लोष्टवतः, यत पश्यति स पंडितः।

हमने कहा है कि जिस प्रकार से हमारे अन्दर आत्मा है वैसी आत्मा दूसरे के अन्दर भी है। अगर उस व्यक्ति को सतायेंगे तो चूंकि हम परमात्मा के अन्दर विश्वास रखने वाले हैं और हर एक के अन्दर की आत्मा को परमात्मा का एक अंश मानते हैं इसलिये हम हर एक के अन्दर की आत्मा की कदर करते हैं। इसलिए हमने यह सिद्धान्त रखा है। आप कोई भी ऐसा उदाहरण दें कि हमारे इस बहुसंख्यक समाज के द्वारा किसी दूसरे के धर्म स्थान का अपमान किया गया हो, कोई मस्जिद तोड़ने की मिसाल सारे इतिहास में से खोजकर बतायें। बल्कि इसके विपरीत उदाहरण यह रहा है कि शिवाजी के रास्ते में जब कोई कुरान आ जाता था या कोई परायी महिला लायी जाती थी तो उसको वह नमस्कार करके उसके खेमे के अन्दर पहुंचाते थे। लेकिन आज दुर्भाग्य की स्थिति है कि राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये लोग आज इस प्रकार की भाषा बोलते हैं, प्रचार करते हैं दूसरे लोगों को उकसा कर कुछ इस बात की सफ़ाई देते हैं। क्यों नहीं मुकदमा चलाती सरकार। जस्टिस रघुबर दयाल ने साम्प्रदायिक दंगों के सम्बन्ध में जो रिपोर्ट पेश की है उस पर अमल क्यों नहीं किया जाता। जो दोषी हैं उनको दंड दीजिये। यह नहीं होना चाहिये कि अपने राजनीतिक उद्देश्य प्राप्त करने के लिये हिन्दू बहुसंख्यक समाज की आप आलोचना करते रहें, दूसरे को आप कोसते रहें। हमारे समाज में इस बात की कल्पना ही नहीं की गयी, हम सारे विश्व समाज को एक मानते हैं। दारुल इस्लाम और दारुल हरब की कल्पना हमारे यहां नहीं है और न ही मोमीन और काफ़िर की। इस प्रकार की कल्पना हमारे धर्म और संस्कृति में नहीं है।

इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि इस प्रकार से दोषारोपण कर के और चूंकि हम बहुसंख्यक

समाज के साथ सम्बन्ध रखते हैं इसलिये उसकी आलोचना करना यह उचित नहीं है। सच्चाई सामने आनी चाहिये, इन सब की जांच होनी चाहिये और दोषी को कड़े से कड़ा दण्ड मिलना चाहिये।

मैं यह कहना चाहता हूं कि इस कानून के द्वारा हम समाचार-पत्रों के ऊपर एक प्रकार का कड़ा प्रतिबन्ध लगाने जा रहे हैं। जबकि संविधान की धारा 19 में अपने विचारों को प्रकट करने की हमको स्वतंत्रता है और समाचार पत्र फ़ेयर कमेन्ट कर सकते हैं। इस अधिकार पर रोक लगाना सर्वथा अनुचित है। अगर वर्तमान धारा 153 (ए) को सुप्रीमकोर्ट में चैलेन्ज किया जाये तो मेरा विश्वास है कि यह धारा अवैध घोषित की जा सकती है क्योंकि इस धारा द्वारा समाचार-पत्रों के ऊपर एक प्रकार का प्रतिबन्ध आप लगाने जा रहे हैं, और जो फ़ेयर कमेन्ट है उसके ऊपर यह एक रोक है।

मैं पूछता हूं कि क्या पढ़े-लिखे लोग समाचार-पत्रों को पढ़कर दंगे करते हैं? ऐसा मैंने कोई व्यक्ति नहीं देखा कि अखबार पढ़कर घर से तलवार लेकर दंगा करने चला गया हो। ऐसा नहीं होता। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि आप इस कानून द्वारा समाचार-पत्रों की स्वतंत्रता के ऊपर एक कुठाराघात करने जा रहे हैं, उनके ऊपर एक कड़ा प्रतिबन्ध लगाने जा रहे हैं।

गृह मंत्रालय की नीति मुझे मालूम है कि जो समाचार-पत्र उनके पसन्द के नहीं हैं उनको आप पूरा न्यूज़ प्रिन्ट नहीं देते, विज्ञापन नहीं देते, उनके साथ भेद-भाव की नीति हमेशा प्रयोग में लायी जाती है। जो समाचार-पत्रों पर सरकार ने मुकदमे चलाये उनका निर्णय हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने समाचार-पत्रों के पक्ष में दिया है और उनको मुक्त किया है। इतना होने के बावजूद भी अगर आज इस प्रकार की दलील दी जाये तो मैं समझता हूं कि यह दलील थोथी है।

जहां तक समाचार पत्रों द्वारा फ़ेयर कमेन्ट करने की स्वतंत्रता का प्रश्न है यह स्वतंत्रता उनके पास रहनी चाहिये। एक धारा इसके अन्दर यह शामिल है कि जो छापाखाना है उस को भी बन्द कर दिया जायेगा। क्या सरकार ने कभी विचार किया है कि जिस छापाखाना को आप बन्द करने जा रहे हैं, जिससे निकले समाचार पत्र को दोषी करार दिया गया है, उस छापाखाना से तीन, चार छोटे-छोटे समाचार पत्र और भी निकलते हैं। अब अगर आप छापाखाना को अपने कब्जे में ले लेंगे तो क्या इसका यह अर्थ नहीं होगा कि जो दूसरे छोटे समाचार पत्र उस मुद्रणालय से प्रकाशित होते हैं उनके रास्ते में भी कठिनाई आयेगी? उस छापा खाना में काम करने वाले कर्मचारी बेकार हो जायेंगे और कई इसी प्रकार की कठिनाइयां पैदा नहीं होंगी? इसलिए मैं समझता हूं कि यह एक बड़ा कठोर पग सरकार उठाने जा रही है।

इस कानून के अन्दर व्यवस्था की गई है, और प्रेस कनसल्टेटिव कमेटी है, उसके परामर्श से वह एक पैनेल देंगे और फिर उसमें से हम मनोनीत करेंगे ताकि अगर किसी व्यक्ति को कोई शिकायत है तो वह अपना केस प्रेस कनसल्टेटिव कमेटी के सामने ले जाये। लेकिन क्या इस प्रैस कनसल्टेटिव कमेटी को गृह मंत्रालय नौमिनेटेड बौडी के रूप में रखना चाहता है? क्या हम यह तय नहीं कर सकते आल इंडिया न्यूज़ पेपर्स ऐडिटर्स की राय से कौन नाम इसमें आने चाहियें? अमरजेंसी के दौरान जिस समय प्रेस कनसल्टेटिव कमेटी बनी थी उस समय भी जो नाम आल इंडिया न्यूज़ पेपर्स ऐडिटर्स कानफ़रेंस ने दिये थे वे सारे नाम गृह मंत्रालय ने स्वीकार नहीं किये। समझ में नहीं आता कि समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों और सम्पादकों के ऊपर आप क्यों विश्वास नहीं करते। आप को विश्वास करना चाहिए और उनकी राय से इस प्रकार की समिति का निर्माण करना चाहिये। यह समिति सरकार की क्यों होनी चाहिए। मुद्रणालय को कब्जे में लेकर छोटे-छोटे पत्रों को हानि पहुँचाने

[श्री श्रीचन्द गोयल]

का कदम सरकार क्यों उठाने जा रही है । अगर इस प्रकार की व्यवस्था हमने की तो प्रेस के ऊपर एक बड़ा भारी कुठारघात होगा और इस से जनतंत्र के रास्ते में एक बड़ी भारी बाधा उपस्थित होगी । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो इस प्रकार के प्रोविज़न्स इस बिल में हैं उनकी इस कानून के अन्दर कोई जगह नहीं रहनी चाहिये ।

SHRI MOHSIN (Dharwar South) : I rise to support this Bill. This is intended to prevent communal and regional propaganda as mentioned in the statement of Objects and Reasons. It is also in accordance with the decision taken by the National Integration Council held last year in Srinagar. I presume that all the major parties including Jan Sangh were represented and I am surprised that Mr. Goyal does not welcome this Bill though this decision was taken with the consent of his leader. This Bill is intended to enhance the scope of sections 103-A and 505 IPC to include regional and communal disharmony that may be created by certain persons or certain sections. The object is very laudable. This is intended to maintain communal harmony and to punish those who are engaged in creating communal disharmony. In this context it is relevant to point out that some parties are fundamentally based on religion and they are elected on communal propaganda and they always engage and breed in communal propaganda. This Bill is intended to curb the activities of such groups or political parties whose very basis is religion. I do not know how they can survive if they eschew communal propaganda. For example the Jan Sangh though it does not say that it is a communal organization keeps on propagating communal hatred among the different communities.

SHRI JAGANNATH RAO JOSHI (Bhopal) : He has made a direct reference to Jan Sangh and says that it is indulging in communal propaganda, which is not a fact.

MR. CHAIRMAN : Please do not make any insinuation against any political party; they claim they do not do so.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : I do not think that it is in good taste to make allegations against any party. But is it unparliamentary? Because, from the Oppositionyou can hear all kinds of epithets being used against the Congress Party and no objection was taken by the Chair If the ideology of some Oppositionparty, not any individual, is blamed, I do not think that any objection can be taken by the Chair.

SHRI JAGANNATH RAO JOSHI (Bhopal) : You substantiate it and prove it ...(*Interruptions.*)

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : While our Party was assaulted in all kinds of ways by the Opposition, there was no objection. So, if somebody from our Party tells something about some party, without naming any individual, there cannot be any valid objection.

SHRI JAGANNATH RAO JOSHI : He is only encouraging him to say these things again.

MR. CHAIRMAN : The Jan Sangh Members say that they do not do this propaganda and take objection when their party is alleged to have done this. As regards the other point, the hon. Minister's partymen were keeping quiet and no objection was taken by them at least during my chairmanship...(*Interruptions.*)

SHRI UMANATH (Pudukkottai): Our party is mentioned by several hon. Members. They name our party and want it to be banned. If that is not objectionable, why should any Member object when his party is named ?

SHRI OM PRAKASH TYAGI : It is they who created Malapuram district. Now they make baseless allegations ...(*Interruptions.*)

SHRI P. RAMAMURTI (Madurai): Barring any party which has its loyalties to anything outside the country because that is the fundamental thing, the conduct of every party in the country is a question which can be raised and agitated in this House.

SHRI JAGANNATH RAO JOSHI : When you make an allegation you should substantiate it.

SHRI P. RAMAMURTI : It is not necessary to substantiate it to the understanding of the Jan Sangh party; it is necessary to substantiate it only to the understanding of the House.

MR. CHAIRMAN : I entirely agree with you. But the Jan Sangh Party itself says that it does not preach any communal idea and we have to accept that statement ...(*Interruptions.*)

श्री ओम प्रकाश त्यागी : मालापुरम जिला बनाया है कम्यूनल बेसिस पर ।

SHRI MOHSIN : I was refferring to the ideology of some political parties. I do not says that all Members belonging to that party are like that.

I may refer to some of the papers : I do not want to say to which party they may belong—*Organiser, Bikram* and *Mother India*. If one reads these papers, one will find that they are nothing but communal poison everywhere. They are undercirculation at large. I think that everybody who looks at them will begin to feel that this is nothing but communal hatred and their intention is to spread communal hatred, but still, those persons take refuge under the Press Act or under such words as "freedom of the press" and all those things and go on poisoning the minds of the masses at large, and some political parties survive and they thrive on such communal propaganda. It is to curb all such activities that this Bill is coming into force and the Government takes power in their hands to stop the publication of such papers if they contain such communal propaganda.

Shri Goyal also said that the majority communities are very tolerant. I do agree that the majority communities are tolerant to a large extent, but it is only a few in that community—it may be the majority or minority—I do not say it is the monopoly of one particular community ; it is only a few oonda eleements that create all this trouble. It would not be correct to say that all are bad. He, wanted to suggest that the trouble comes from minority communities and that the majority communities are very tolerant. I cannot understand that. If some people at least among the majority communities are not of this element, and if the minority community alone does it, I do not know how they can afford to do it and how it is possible for the minority community to be so aggressive against the majority which is tolerant. So, it is not a question of the majority or the minority community.

I come from a minority community in my constituency. My community people are only eight per cent. But I am very proud to say that I got a lead of 65,000 and against 75,000 in the last two elections to the Lok Sabha. That means, in my constituency they do not think in terms of communalism and they have not succumbed to the communal propaganda at all. So, what is meant is that communal harmony exists in the country, and it is only in some parts that this communal propaganda is being tried to be carried on.

My hon. friend has narrated some historical incidents to show that some Muslim kings destoryed some temples and there was no instance of any Hindu king destroying any mosque or anything like that. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You need not refer to it.

